कार्बाइड गन और लैम्प के क्रय-विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध

दीपावली के त्योहार को देखते हुए अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश, पुलिस कप्तान ने दिए सख्ती के आदेश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। आगामी दीपावली को त्यौहार को देखते हुए हुए आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। जिसके चलते लोहा, स्टील या पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों यानी कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प के निर्माण, क्रय-विक्रय तथा उपयोग पर जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी डीएन सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा

163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प का निर्माण, भंडारण, विक्रय या क्रय नहीं करेगा। इनमें भरा जाने वाला कैल्शियम कार्बाइड व्यक्तियों की आंखों, चेहरे और शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुलिस अधीक्षक की एडवाइजरी:

वहीं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस ने भी कार्बाइड गन और लैम्प के दुष्प्रभावों को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने बताया कि इनके तेज धमाके से जान-माल की हानि, आग लगने, गंभीर रूप से जलने और सुनने की क्षमता प्रभावित होने का खतरा रहता है। साथ ही, इनसे निकलने वाली गैसों से श्वसन संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। वहीं पुलिस ने सभी दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की है कि वे इनके भंडारण व बिक्री से दूर रहें। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे बच्चों को इसके खतरों के प्रति जागरूक करें। अवैध निर्माण या उपयोग करते पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सुरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग करें।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में प्रदेश में जिला पहले नंबर पर

लगातार दूसरे महीने पूरे प्रदेश में रहा नंबर वन

पुलिस कप्तान अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जनता की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित व पारदर्शी समाधान में जिला पुलिस ने एक बार फिर पूरे मध्य प्रदेश में अपना परचम लहराया है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (CM Helpline) की रैंकिंग में जिलस पुलिस विगत 02 महीनों से लगातार पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित सभी एसडीओपी व थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया। इस सतत प्रयास के बल पर पुलिस ने अगस्त माह में 97.57 प्रतिशत और सितंबर 2026 में 96.67 प्रतिशत का उत्कृष्ट स्कोर हासिल कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

समयबद्ध समाधान ही सफलता की कुंजी:

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आमजन की शिकायतों का परीक्षण कर संतुष्टिपूर्वक और समयबद्ध समाधान किया जाए। यह उपलब्धि पुलिस की कार्यकुशलता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी अशोकनगर जिला लगातार 03 महीनों तक प्रदेश में प्रथम स्थान पर रह चुका है। इस सफलता पर एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने पूरी पुलिस टीम की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी संवेदनशीलता, उत्तरदायित्व और समर्पण के साथ आमजन को त्वरित न्याय दिलाने का क्रम निरंतर जारी रखा जाए।

चन्देरी डव्लपमेन्ट सोसायटी फॉर हैंडलूम वीवर्स समिति की बैठक आयोजित

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में हैण्डलूम पार्क चन्देरी में गुरूवार को चन्देरी डव्लपमेन्ट सोसायटी फॉर हैण्डलूम वीवर्स समिति (एसपीव्ही) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सीए की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने फैशन शो के संबंध में निर्देशित किया गया कि फैशन-शो के आयोजन में स्थानीय स्तर की महिलाओ को सम्मिलित करते हुये फैशन शो का आयोजन कराया जाए। हैण्डलूम पार्क में बनने वाले हाथकरघा म्यूजियम के संबंध में निर्देशित किया गया कि एनआईसी जिला अशोकनगर के सहयोग से ई-टेण्डर की कार्यवाही कर म्यूजियम निर्माण कराया जाए।

एक नजर में

कलेक्टर ने किया चंदेरी सिविल अस्पताल का निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरुवार को सिविल अस्पताल चंदेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में ओपीडी के खुलने एवं बंद होने के समय की जानकारी आमजन को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित स्थान पर सूचना बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को ओपीडी के समय की स्पष्ट जानकारी मिल सके। उन्होंने उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस दिए जाने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष धनगर, बीएमओ प्रशांत दुबे साथ थे।

अशोकनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी

नाबालिग से मारपीट के मामले में आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के एक मामले में पुलिस की सटीक विवेचना और प्रभावी अभियोजन के चलते न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई है। 14 जुलाई 2022 को एक नाबालिग पीड़िता ने थाना पिपरई में अपने साथ लैंगिक अपराध और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भादवि की धारा 354, 323 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में पुलिस टीम ने चिकित्सकीय परीक्षण, न्यायालयीन कथन और शैक्षणिक अभिलेख जैसे सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य समय पर न्यायालय में प्रस्तुत किए। जिस पर न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी उत्तम केवट को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट और धारा 354 के तहत 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000-2000 रुपये अर्थदंड, तथा धारा 323 के तहत 3 माह की सजा व 1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। सभी सजाएं साथ चलेंगी और जुर्माने की राशि में से 3000 रुपये पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आज

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वारस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन विश्वांस शिविरों का आयोजन प्रति शुक्रवार को किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कोहरवास में किया गया है।

मुंगावली जनपद के बाबूओं पर भ्रष्टाचार के आरोप

पंचायत सचिवों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपकर शाखा बदलने की मांग

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मुंगावली जनपद पंचायत में पदस्थ बाबुओं की तानाशाही और कथित भ्रष्टाचार से परेशान होकर पंचायत सचिव संगठन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव एवं जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में पंचायत सचिवों ने जनपद सीईओ आलोक ईटोरिया को ज्ञापन सौंपकर भ्रष्ट बाबुओं की शाखा तुरंत बदलने की मांग की है।

सौपे गए ज्ञापन में पंचायत सचिव संगठन का आरोप है कि स्थापना शाखा में पदस्थ सैनी बाबू एवं लेखा शाखा में पदस्थ अजय गुप्ता बाबू द्वारा सचिवों का कोई भी शासकीय कार्य बिना पैसों की मांग के नहीं किया जाता। वेतन वृद्धि, एरियर भुगतान, एनपीएस, पेंशन,

सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) कम्प्लीट करने और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली राशि के भुगतान के नाम पर रिश्वत की मांग की जाती है। पैसे न देने पर फाइलों को रोक दिया जाता है और सचिवों को बार-बार चक्कर लगवाकर मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

वर्षों से एक ही जगह जमे बाबू:

संगठन के अनुसार ये बाबू कई सालों से एक ही जनपद में पदस्थ हैं और उन्होंने अपने कार्यालय को भ्रष्टाचार का गढ़ बना रखा है। वर्तमान में कई सचिवों का बकाया एरियर रोक कर रखा गया है और वेतन वृद्धि भी नहीं लगाई गई है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाला पंचायत सचिव आज स्वयं अपने हक के लिए बाबूओं की लालफीताशाही का शिकार हो रहा है।

5 दिन का दिया अल्टीमेटम:

ज्ञापन के माध्यम से सचिवों ने प्रशासन से स्पष्ट कहा है कि अगले 5 दिवस के भीतर उक्त बाबुओं की शाखाओं में फेरबदल किया जाए। यदि समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो पंचायत सचिव संगठन जनपद पंचायत कार्यालय मुंगावली के सामने टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और हड़ताल करने के लिए मजबूर होगा। ज्ञापन देने के दौरान संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे।

नाले का अधूरा निर्माण छोड़ गायब हुआ ठेकेदार

दो माह से गंदे पानी की बदबू से रहवासी परेशान

जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

नवभारत न्यूज

मुंगावली। नगर परिषद मुंगावली के वार्ड क्रमांक-1 में नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। मई माह में जेल तालाब से निकलने वाली छारार से शुरू हुआ नाला निर्माण कार्य 60 दिनों में पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार महज 200 मीटर काम करके गायब हो गया। नतीजा यह है कि पिछले दो महीनों से मोहल्ले में लगभग 4 फीट तक गंदा पानी भरा हुआ है। वहीं गंदे पानी की निकासी ठप होने से पूरे इलाके में तीव्र दुर्गंध फैल रही है, जिससे मच्छरों के पनपने और गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका बढ़

गई है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि गंदा पानी लोगों के घरों के कुओं और बोरिंग तक में पहुंचने लगा है, जिससे लोग बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं।

अच्छी सीसी सड़क तोड़ी, घरों के सामने डाला मलबा:

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत यहां पहले एक बेहतरीन सीसी सड़क बनी हुई थी। ठेकेदार ने नाला निर्माण के लिए उस अच्छी सड़क को हाइड्रा मशीन से तोड़ दिया। अब न तो नाला बन सका और न ही सड़क बची, ऊपर से निर्माण का वेस्ट मटेरियल भी लोगों के घरों के सामने ही पड़ा हुआ है। वहीं नारकीय जीवन जीने को मजबूर मोहल्लेवासियों ने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर अधूरे नाले का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए और जमा पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्था की जाए।

दो दिन में खाली हुआ गैस सिलेंडर, जांचने पर सिलेंडर से निकला पानी, की शिकायत

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर में एक गैस उपभोक्ता ने सिलेंडर में पानी निकलने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिकायत की है। उपभोक्ता का कहना है कि गैस सिलेंडर लगाने के महज दो दिन बाद ही खाली हो गया। जब उसने सिलेंडर की जांच की तो उसमें पानी निकला। इसके बाद वह सिलेंडर लेकर गैस एजेंसी पहुंचा, लेकिन एजेंसी संचालक ने उसे बदलने से इनकार कर दिया। इससे परेशान होकर उपभोक्ता सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गया और कार्रवाई की मांग की। शहर के माता मढ़ मोहल्ला वार्ड नंबर 14 निवासी सुल्तान सिंह रजक पुत्र चंदन सिंह रजक ने कलेक्ट्रेट में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि उनका गैस कनेक्शन नंबर 14487 है। बीते 24 सितंबर को अशोकनगर की गैस एजेंसी पर सिलेंडर नहीं मिलने के कारण उन्होंने दुबे अस्पताल के पीछे स्थित शादौरा गैस एजेंसी से सिलेंडर लिया था।

दो दिन में खत्म हुई गैस, एजेंसी ने नहीं बदला सिलेंडर:

सुल्तान सिंह ने बताया कि सिलेंडर घर ले जाकर इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन महज दो दिन में ही गैस खत्म हो गई। जब उन्होंने सिलेंडर की जांच की तो उसमें पानी होने का पता चला। इसकी शिकायत लेकर वह गैस एजेंसी पहुंचे और दूसरा सिलेंडर देने की मांग की। आरोप है कि एजेंसी के कर्मचारियों ने यह कहते हुए सिलेंडर बदलने से इनकार कर दिया कि अब कुछ नहीं हो सकता और दूसरा सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।इसके बाद गुरुवार को सुल्तान सिंह सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आवेदन देकर संबंधित गैस एजेंसी की जांच कराने और कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही खराब सिलेंडर के बदले दूसरा गैस सिलेंडर दिलाने की गुहार लगाई है। हालांकि, सिलेंडर में पानी होने के आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बैठक

रेलवे स्टेशन पर हुआ रेल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

यात्रियों ने बताई समस्याएं, अधिकारियों ने दिए निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

अशोकनगर/ मुंगावली। पश्चिम मध्य रेल्वे भोपाल मंडल के अधिकारियों के द्वारा रेल्वे जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रेलवे यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल जन संवाद का उद्देश्य यात्रियों की समस्याओं को सुनना, उनकी जरूरतों को समझना और रेलवे की ओर से किए जा रहे कार्यों के साथ उपलब्धता ज़रूरी है के तहत् यह जन संवाद कार्य्रकम प्रदेश भर में गुरुवार को आयोजित किए गए हैं । जिसमें यात्रियों ने स्टेशन की सुविधाओं, साफ-सफाई और रेलवे सेवाओं से जुड़ी समस्याएं व सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे.अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को सुना और सुविधाओं में सुधार के लिए सुझाव लिए.भोपाल रेल मंडल की ओर से रेल जन संवाद का आयोजन किया गया। इसमें यात्रियों ने स्टेशन की सुविधाओं, साफ-सफाई और रेलवे सेवाओं से जुड़ी समस्याएं व सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे.अधिकारियों ने यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को सुना और सुविधाओं में

सुधार के लिए सुझाव लिए गए

एसीएम भोपाल ग्रेसियस नाजारेथ ने कहा कि रेलवे यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान मिले सुझावों पर संबंधित स्तर पर पहल की जाएगी, यात्रियों की समस्याओं का निराकरण करना और सुविधाओं में सुधार लाना रेलवे की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि यात्रियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर आवश्यक कदम उठाने का प्रयास किया जाएगा. एसीएम भोपाल ग्रेसियस नाजारेथ एवं डीसीएम बीना ने स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि रेलवे की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसे सफल बनाने में यात्रियों की भागीदारी भी जरूरी है। यात्रियों को स्टेशन और परिसर साफ रखने में सहयोग करना चाहिए, ताकि सभी को स्वच्छ वातावरण मिल सके। तो वही इस कार्यक्रम में हुए कई यात्रियों एवं शहर वासियों द्वारा अपनी कई मांगे भी रखी, जिसमें रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ या जीआरपी की चौकी खुलवाई जाए, जिससे की रेलवे स्टेशन परिसर में कई बरसों से हो रहा है अनैतिक कार्यों पर रोक लगे। वही रेलवे स्टेशन पर बने ओबर फुट ब्रिज की लंबाई अधिक होने के कारण यात्रियों को प्लेट फार्म एक से दो नम्बर प्लेट फार्म पर जाने में मशक्कत के साथ परेशानी होती है जिसमें जीने को लगाकर दूरी कम की जाए और पिछले दो साल से अनाउंसमेंट मशीन राखी होने पर भी चालू नहीं है तो बही रेलवे स्टेशन परिसर में कोच डिस्पले भी लगाई जानी चाहिए और प्लेटफार्म नंबर दो पर तीन सेट भी बढ़ाया जाना चाहिए। साथ कई ट्रेनों जो कि बंद है उनको चालू कराया जाना चाहिए और कई अन्य ट्रेनों को चालू कराय जाने की मांग रखी। जिसमें यात्रियों को इंदौर से दिल्ली गुना बीना होते हुए ट्रेन को चलाया जाए एवं जोधपुर तिरुचिरापल्ली हमसफर जिसका स्टॉप सिर्फ एक तरफ से वह दोनों तरफ से किया जाए। इसके अलावा दुर्ग अजमेर का हफ्ते में एक दिन है जिसकी हफ्ते में दो दिन चलाये जाने की मांग रखी गई। वहीं अशोकनगर में आयोजित बैठक में भी यात्रियों ने कई समस्याओं से अवगत कराया।

जुआ के फड़ पर पुलिस ने दी दबिश, 4 गिरफ्तार

पुलिस कप्तान के निर्देश में की गई कार्रवाई

पकड़े आरोपियों से साढ़े हजार रुपए बरामद

नवभारत न्यूज

मुंगावली। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मुंगावली पुलिस ने अवैध जुए के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौटी स्थित हनुमान जी मंदिर के पास नाले के पास अवैध रूप से ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाया जा रहा था। आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डी 52 पत्ते और कुल 7500 रूपये की नकदी जब्त की गई। जिन पर कार्यवाही की गई है उनमेंसंतोष कुर्मी उम्र 28 निवासी बीना जिला सागर, दिलीप खटीक

उम्र 48 निवासी कुरवाई जिला विदिशा, झुंडा अहिरवार उम्र 55 निवासी दीपनाखेड़ा जिला विदिशा एवं गोलू दांगी उम्र 26 निवासी बहादुरपुर है। वहीं मौके से भागने में सफल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पूछताछ में पता चला है कि कुछ लोग संगठित रूप से फोन करके जुआ खेलने हेतु लोगों को बुलाते और इसका संचालन करते थे। पुलिस ने जुआ संचालकों के नाम व मोबाइल नंबर प्राप्त कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट एवं संगठित अपराध के तहत धारा-112 बीएनएस की धाराएं दर्ज कर ली हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरविन्द सिंह कछुवाह , सहायक उप निरीक्षक पहलवान सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा, आरक्षक जयकुमार लोधी तथा गोविंद मौर्य की प्रमुख भूमिका रही।